<u>तत्काल प्रकाशन के लिए</u>

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 06/2023)

<u>भादूविप्रा ने "अभिसारित डिजिटल प्रौद्योगिकियों और सेवाओं का विनियमन - प्रसारण और दूरसंचार सेवाओं के कैरिज के अभिसरण को सक्षम बनाना" पर परामर्श पत्र जारी किया है।</u>

नई दिल्ली, 30 जनवरी 2023: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने आज " अभिसारित डिजिटल प्रौद्योगिकियों और सेवाओं का विनियमन - प्रसारण और दूरसंचार सेवाओं के कैरिज के अभिसरण को सक्षम बनाना" पर परामर्श पत्र जारी किया है।

समय के साथ, डिजिटल बाजारों में विभिन्न तकनीकी विकासों के परिणामस्वरूप उपकरणों, सेवाओं और नेटवर्क का अभिसरण हुआ है। संसाधनों का कुशल उपयोग, प्रतिस्पर्धा का बढ़ा हुआ स्तर, अधिक नवीन उपयोगकर्ता अनुप्रयोग और तकनीकी विकास अभिसरण के मुख्य चालक हैं। सभी क्षेत्रों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग से अभिसरण तेज हो गया है। मशीन टू मशीन (M2M), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य तकनीकों के उपयोग के माध्यम से डिजिटल और भौतिक उत्पादों का अभिसरण चौथी औद्योगिक क्रांति (उद्योग 4.0) का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। अभिसरण से हितधारकों को कई लाभ प्राप्त हुए हैं। तकनीकी अभिसरण न केवल उत्पादों के व्यापक सेट को वितरित करने की संभावना को सक्षम बनाता है, बल्कि कम प्रवेश बाधाओं, प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने, कम लागत वाले उपकरण, त्वरित बाजार प्रतिक्रिया और नए व्यावसायिक अवसरों के माध्यम से भी लाभ देता है। लेकिन साथ ही इसने कई चुनौतियां भी पेश की हैं। यह पत्र अभिसरण प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों की जांच करता है और उनसे निपटने के लिए कानूनी, प्रशासनिक और लाइसेंसिंग ढांचे में आवश्यक परिवर्तनों पर हितधारकों के विचार मांगता है।

परामर्श पत्र भादूविप्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध है, और टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27.02.2023 और प्रति-टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13.03.2023 तक है। टिप्पणियाँ और प्रति-टिप्पणियाँ, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में श्री संजीव कुमार शर्मा, सलाहकार (ब्रॉडबैंड एवं नीति विश्लेषण), भादूविप्रा को ईमेल आईडी: advbbpa@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं, साथ ही एक प्रति jtadv-bbpa@trai.gov.in पर भी भेजी जा सकती है । किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री संजीव कुमार शर्मा, सलाहकार, (ब्रॉडबैंड एवं नीति विश्लेषण) से टेलीफोन नंबर - +91-11-23236119 पर संपर्क किया जा सकता है।

हस्ताक्षरित
(वी. रघुनंदन)
सचिव, भादूविप्रा